भारत सरकार Government of India
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र Bhabha Atomic Research Centre
कार्मिक प्रभाग Personnel Division
भर्ती अनुभाग Recruitment Section-III

सं. Ref: PD/41(1)/2024-R-III/705 मई May, 27 2024

# परिपत्र Circular

संदर्भ : विज्ञापन सं. पुनि (ड्राइवर)-01/2024-25 दिनांकित 30.04.2024
Ref: Advertisement No. RE (Drivers)-01/2024-25 dated 30.04.2024

"भापअ केंद्र, मुंबई में ड्राइविंग कार्यों का निष्पादन करने के लिए पऊवि/इसकी संघटक इकाइयों से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त ड्राइवर संवर्ग के कार्मिकों का पुनः नियोजन"
"Re-engagement of Driver Cadre Personnel Retired on Superannuation from DAE/ its Constituent Units for performing Driving duties in BARC, Mumbai."

विज्ञापन संख्या पुनि (ड्राइवर)-01/2024-25 दिनांकित 30.04.2024 के संदर्भ में भापअ केंद्र, मुंबई में ड्राइविंग कार्यों का निष्पादन करने के लिए पऊवि/इसकी संघटक इकाइयों से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त ड्राइवर संवर्ग के कार्मिकों का 50 पदों पर पुन:नियोजन।

Reference Advertisement No. RE (Drivers)-01/2024-25 dated 30.04.2024 for Re-engagement of 50 Nos. of Driver Cadre Personnel Retired on Superannuation from DAE/ its Constituent Units for performing Driving duties in BARC, Mumbai.

2. ऊपर उल्लिखित विज्ञापन दिनांकित 30.04.2024 के संदर्भ में, कृपया निम्नलिखित को नोट किया जाए और तदनुसार आवेदन प्रस्तुत किए जाएं।

In connection with the above cited Advt. dated 30.04.2024, the following may please be noted and the application may be submitted accordingly:

i). आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को दिनांक <u>07.06.2024</u> तक बढ़ाया गया है। अंतिम तिथि अर्थात 07.06.2024 के बाद प्रस्तुत आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
The last date for receipt of application is extended up to <u>07.06.2024.</u> The applications received after the last date i.e. 07.06.2024 will not be entertained.

ii). वे कर्मचारी जो दिनांक 31.07.2024 को अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हो रहे हैं, वे भी पुन:नियोजन हेतु आवेदन कर सकते हैं।
Those who are retiring on superannuation w.e.f. 31.07.2024 may also apply for re-engagement.

iii). चूंकि पुन:नियोजन विशेषकर उन ड्राइवर के लिए है, जो पऊवि/इसकी संघटक इकाइयों से सेवानिवृत्त हुए हैं/ हो रहे हैं, जो आवेदक इस शर्त को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
As the re-engagement is specifically meant for those Drivers, who have retired/ retiring from DAE/ its Constituent Units, applicants not meeting this condition need not apply. Such application will not be considered.

जारी Contd.....

3. उपर्युक्त विज्ञापन दिनांकित 30.04.2024 में अनुबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

All other Terms & Conditions stipulated in the above-cited Advertisement dated 30.04.2024 remains unchanged.

श्रीराम

(श्रीराम एस. Sriram S.)
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (पी) Chief Administrative Officer (P)
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र Bhabha Atomic Research Centre

भारत सरकार Government of India
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र Bhabha Atomic Research Centre
कार्मिक प्रभाग Personnel Division

विज्ञापन संख्या ADVERTISEMENT NO. RE (Drivers)-01/2024-25 दिनांक dated 30.04.2024
(अपेक्षित पदों की कुल संख्या Total No. of requirements- 50)

# भापअ केंद्र, मुंबई में ड्राइविंग कार्यों का निष्पादन करने के लिए पऊवि/इसकी संघटक इकाइयों से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त ड्राइवर संवर्ग के कार्मिकों का पुनः नियोजन
# Re-engagement of Driver Cadre Personnel Retired on Superannuation from DAE/ its Constituent Units for performing Driving duties in BARC, Mumbai.

******

**(केवल परमाणु ऊर्जा विभाग/इसकी संघटक इकाइयों के ड्राइवर संवर्ग से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी ही आवेदन करने के लिए पात्र हैं)**
**(Only employees retired on superannuation from Driver Cadre of Department of Atomic Energy/ its Constituent Units are eligible to apply)**

1. कार्य-क्षेत्र (अनुलग्नक-I) में यथादर्शाए अनुसार भापअ केंद्र, मुंबई में ड्राइविंग कार्यों का निष्पादन करने के लिए पऊवि/उसकी संघटक इकाइयों से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए ड्राइवर संवर्ग के कार्मिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

Applications are invited from Driver Cadre Personnel retired on superannuation from DAE/ its Constituent Units for performing Driving duties in BARC, Mumbai as indicated in Scope of Work (Annexure-I).

2. संलग्न 'कार्य-क्षेत्र' में दर्शाए गए कार्य को करने के इच्छुक, ड्राइवर संवर्ग के सेवानिवृत्त कार्मिक अपना आवेदन विनिर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक- II) में अपने नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ और पेंशन भुगतान आदेश की एक प्रति के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं।

Retired personnel of Driver Cadre who are willing to perform the work indicated in the enclosed 'Scope of Work' can submit their applications in the prescribed format (Annexure-II) along with their recent passport sized photograph duly affixed and a copy of the Pension Payment Order.

3. सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और चयनित अभ्यर्थियों को उनके नियोजन के संबंध में सूचना दी जाएगी।

The applications received will be scrutinized by the Competent Authority and the selected candidates will be communicated regarding their appointment.

4. पात्रता Eligibility:

4.1 आवेदक पऊवि/उसकी संघटक इकाइयों के ड्राइवर संवर्ग से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुआ होना चाहिए और आयु 65 (पैंसठ) वर्ष से कम होनी चाहिए। जो कर्मचारी 30.06.2024 तक अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हो रहे हैं, वे भी आवेदन करने के लिए पात्र हैं। Applicant should have retired on superannuation from Driver Cadre of DAE/ its Constituent Units and should be below the age of 65 (Sixty Five) years. Those who are retiring on superannuation w.e.f. 30.06.2024 are also eligible to apply.

जारी contd.....

4.2 आवेदक जिनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही या आपराधिक मामले विचाराधीन/लंबित हैं या जिन्हें पिछले 10 (दस) वर्षों की अवधि के दौरान कदाचार के लिए दंडित किया गया है, उन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

Applicant against whom departmental proceedings or criminal cases are contemplated/ pending or who have been penalized for misconduct during the period of preceding 10 (Ten) years will not be eligible for consideration.

4.3 आवेदक के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) और भारी मोटर वाहन (एचएमवी) के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। लाइसेंस पुनः नियोजन की पूरी अवधि के दौरान वैध होना चाहिए।

Applicant should possess a valid driving licence for Light Motor Vehicle (LMV) and Heavy Motor Vehicle (HMV) issued by the Competent Authority. Licence should be valid throughout the currency of re-engagement.

4.4 आवेदक ड्राइवर के कार्यों का निष्पादन करने के लिए स्वस्थ होना चाहिए और उसे पुनः नियोजन के समय इस आशय का शारीरिक स्वस्थता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है। इसके अलावा, कार्यकाल के दौरान विभाग के विवेक पर आवधिक चिकित्सा जांच करवाई जाएगी और यदि यह पाया जाता है कि पुनः नियोजित ड्राइवर, ड्राइवर के कार्यों को निष्पादित करने के लिए अयोग्य है, तो उसका पुनः नियोजन तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया जाएगा।

Applicant should be medically fit to perform the duties of the Driver and is required to submit Medical Fitness Certificate to this effect, at the time of re-engagement. Further, Periodic medical check-ups during the tenure will be carried out at the discretion of the Department and in case, it is found that the re-engaged driver is unfit to perform the duties of the Driver, his re-engagement shall be terminated with immediate effect.

4.5 पुनः नियोजन की अवधि शुरूआत में, सामान्यतः एक वर्ष से अधिक नहीं होगी जिसे विभाग के विवेक पर और संतोषजनक कार्य निष्पादन के अधीन एक वर्ष के लिए और बढ़ायी जा सकती है। पर्याप्त औचित्य होने पर, अधिवर्षिता की आयु के दो साल बाद, कार्यकाल को बढ़ाया जा सकता है, यह समय विस्तार कार्यों की समीक्षा और पुन: नियोजित व्यक्ति के कार्य निष्पादन के आधार पर किया जा सकता है बशर्ते कि इसे अधिवर्षिता के बाद 05 साल से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।

The term of re-engagement shall ordinarily be for an initial period not exceeding one year which is extendable by another one year at the discretion of the department and subject to satisfactory performance. Beyond two years after the age of superannuation where adequate justification exists, the term may be extended based on a review of the tasks and the performance of the re-engaged appointee, provided it shall not be extended beyond 05 years after superannuation.

4.6 पुनः नियोजन पूर्णतः संविदा के आधार पर होगा। पुनः नियोजन को भापअ केंद्र द्वारा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है।

The re-engagement shall be purely on contract basis. Re-engagement can be terminated at any time by BARC without assigning any reasons thereof.

जारी contd.....

5. हकदारी Entitlement:

5.1 पुन: नियोजित कार्मिक को उसके अंतिम वेतन के @50% की दर से एक निश्चित मासिक पारिश्रमिक ग्राह्य होगा।
A fixed monthly remuneration @ 50% of the Last Pay drawn shall be admissible to the re-engaged personnel.

5.2 सेवा के प्रत्येक पूर्ण माह के लिए 1.5 दिन के हिसाब से सवेतन छुट्टी अनुपस्थिति की अनुमति दी जाएगी। एक कैलेंडर वर्ष से आगे छुट्टी संचय करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
Paid leave absence @ 1.5 days for each completed month of service will be allowed. Accumulation of leave beyond the calendar year will not be allowed.

5.3 सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त परिवहन भत्ते के 50% की दर से परिवहन भत्ता की एक निश्चित राशि ग्राह्य होगी।
A fixed amount towards Transport Allowance @ 50% of the Transport Allowance drawn at the time of retirement shall be admissible.

5.4 पुन: नियोजन की अवधि के दौरान कोई वेतनवृद्धि, महंगाई भत्ता और मकान किराया भत्ता ग्राह्य नहीं होगा।
No Increment, Dearness Allowance and HRA shall be admissible during the term of re-engagment.

5.5 ड्राइवर के रूप में पुनः नियोजित सेवानिवृत्त कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के समय उनकी पात्रता के अनुसार, आधिकारिक दौरे पर टीए/डीए, यदि कोई हो, की अनुमति दी जा सकती है।
Retired personnel re-engaged as Drivers may be allowed TA/DA on official tour, if any, as per their entitlement at the time of retirement.

5.6 पुनः नियोजित व्यक्ति, पुन:नियोजन की अवधि के लिए जीपीएफ, उपदान आदि के लिए अंशदान करने का हकदार नहीं होगा।
Re-engaged person will not be entitled to contribute to GPF, gratuity etc. for the period of re-engagement.

6. कार्यस्थल, कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक समझे गये अनुसार भापअ केंद्र, मुंबई/नवी मुंबई/कल्याण स्थित ईएचपीपीएल परियोजना होगी।
The place of work will be BARC, Mumbai/ Navi Mumbai/ EHPPL project at Kalyan as considered necessary to meet functional needs.

7. पुनः नियोजित कार्मिकों को समय-समय पर उन्हें सौंपे गए कार्यों का निष्पादन करना अपेक्षित होगा।
The re-engaged personnel will be required to perform the duties assigned to them, from time to time.

जारी contd.....

8. भापअ केंद्र के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
BARC reserves the right to reject any application without assigning any reasons thereof.

9. आवेदन प्राप्त करने के लिए अंतिम तिथि **24.05.2024** है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Last date for receipt of applications is 24.05.2024.** The applications received after the last date will not be entertained.

10. आवेदन पत्र सीलबंद लिफाफे में डाक द्वारा/व्यक्तिगत रूप से निम्नवत को अग्रेषित किए जाएंगे:
The applications shall be forwarded by post/ by hand in sealed cover to:

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक) Chief Administrative Officer (Personnel)
सेंट्रल कॉम्प्लेक्स Central Complex,
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र Bhabha Atomic Research Centre
ट्रॉम्बे, मुंबई-400 085 Trombay, Mumbai-400 085.

(श्रीराम एस.Sriram S.)
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (पी) Chief Administrative Officer (P)
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र Bhabha Atomic Research Centre

अनुलग्नक- I: कार्य–क्षेत्र Annexure-I : Scope of Work

अनुलग्नक-II: आवेदन का प्रारूप Annexure-II : Format of Application

# अनुलग्नक Annexure- I

# कार्य-क्षेत्र Scope of Work

1. पुनः नियोजित कार्मिकों को हल्के और भारी दोनों प्रकार के वाहनों पर ड्राइविंग ड्यूटी निष्पादित करना अपेक्षित है। उन्हें मोटर ड्राइविंग, मोटर मैकेनिक्स और यातायात नियमों एवं विनियमों का ज्ञान होना चाहिए।
   The re-engaged personnel are required to perform driving duties on both Light as well as Heavy Vehicles. They should have knowledge of Motor Driving, Motor Mechanics and Traffic Rules & Regulations.

2. वाहन का सामान्य दैनिक रख-रखाव।
   General day to day maintenance of the vehicle.

3. वाहन के टायर, बैटरी का रख-रखाव और लूब्रिकेशन ।
   Tyre, battery maintenance and lubrication of vehicle.

4. एक्सेलेरेटर, ब्रेक, क्लच पेडल और फैन बेल्ट समायोजन।
   Accelerator, brake, clutch pedal and fan belt adjustment.

5. एयर लॉक और ऑयल ब्लॉक को हटाना।
   Removal of air lock and oil block.

6. इंजन ट्यून अप, ब्रेक एडजस्टमेंट, व्हील अलाइनमेंट और डैशबोर्ड मीटर का प्रेक्षण।
   Engine tune up, break adjustment, wheel alignment and observation of dashboard meters.

7. अंग्रेजी/हिन्दी में नेमी फॉर्म/लॉग बुक पढ़ने और भरने की क्षमता होनी चाहिए।
   Ability to read and fill up routine forms/ Log Books in English/ Hindi.

8. उन्हें वाहनों के छोटे-मोटे मरम्मत कार्यों को करने में सक्षम होना चाहिए।
   They should be able to attend minor repair works of the vehicles.

उपर्युक्त सूची संपूर्ण नहीं है। इसके अलावा, उनसे रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा यथा निदेशित तात्कालिक आवश्यकताओं जब कभी भी अपेक्षित हैं, अन्य कार्य करने की अपेक्षा की जाती है।
The above list is in-exhaustive. In addition, they are expected to do other works as and when required in exigencies as directed by the Reporting Officer.

अनुलग्नक Annexure-II

| पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो चिपकाएं Affix recent passport size photograph |
|---|

# भापअ केंद्र, मुंबई में सेवानिवृत्त ड्राइवर संवर्ग कार्मिक के पुनः नियोजन हेतु आवेदन

# Application for re-engagement of Retired Driver Cadre Personnel in BARC, Mumbai

**विज्ञापन संख्या Advertisement No. RE (Drivers)-01/2024-25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (बड़े अक्षरों में )<br>Full Name (in Block Letters) | | |
| 2. | पिता/पति का नाम Father's/ Husband's Name | | |
| 3. | जन्म तिथि Date of Birth | | |
| 4. | सम्पर्क विवरण Contact details | टेलीफोन नंबर Tel No. | |
| | | मोबाइल नंबर Mobile No. | |
| | | ईमेल आईडी Email ID | |
| 5. | पत्राचार के लिए पता Address for communication | | |
| | | पिन Pin | |
| 6. | सरकारी सेवा में नियुक्ति की तिथि<br>Date of joining in Government Service | | |
| 7. | वर्तमान आयु Age as on date | | |
| 8. | क्या अजा/अजजा/अपिव हैं? Whether SC/ST/OBC | | |
| 9. | क्या शारीरिक रूप से विकलांग हैं?<br>Whether Physically handicapped | | |
| 10. | सेवानिवृत्ति की तिथि और सेवानिवृत्ति के समय धारित पद(सेवानिवृत्ति आदेश की प्रति संलग्न करें)<br>Date of retirement and the post from which retired (enclose copy of retirement order) | | |
| 11. | उस प्रभाग/इकाई का नाम जहां से सेवानिवृत्त हुए<br>Name of the Division/ Unit from which retired | | |
| 12. | अंतिम आहरित वेतन (कृपया प्रति संलग्न करें)<br>Last pay drawn (Please enclose copy) | | |
| 13. | शिक्षा/तकनीकी योग्यता (कृपया प्रमाणपत्र/अंकसूची/ ड्राइविंग लाइसेंस की प्रति संलग्न करें)<br>Education/ Technical qualification (Please enclose copy of Certificate/ Mark Sheet/Driving License) | | |
| 14. | पीपीओ सं. (कृपया प्रति संलग्न करें)<br>PPO No. (Please enclose copy) | | |
| 15. | कंप्यूटर ज्ञान का विवरण<br>Details of Computer Knowledge | | |
| 16. | पिछले 10 वर्षों के अनुभव का संक्षिप्त विवरण (नियत कार्य-वार)<br>[एक अलग शीट संलग्न की जाए]<br>Brief particulars of experience of the last 10 years (assignment-wise)<br>[A separate sheet may be annexed] | | |

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि ऊपर दिए गए विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं। मैं समझता हूं और सहमत हूं कि चयन/साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी समय कोई भी जानकारी असत्य या गलत/अधूरी अथवा अपात्रता पाए जाने पर मेरी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और मैं भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के निर्णय से बाध्य रहूंगा। मैंने इस परिपत्र को पढ़ लिया है और परामर्शदाताओं/ड्राइवरों के नियोजन के लिए सभी निबंधन एवं शर्तों को स्वीकार करने के लिए तैयार हूं।

I hereby declare that the particulars furnished above are true and correct to the best of my knowledge and belief. I understand and agree that in the event of any information being found false OR incorrect/ incomplete or ineligibility being detected at any time before or after selection/ interview, my candidature is liable to be rejected and I shall be bound by the decision of the Bhabha Atomic Research Centre. I have read this circular and ready to accept all the terms and conditions for engagement of Consultants/Drivers.

हस्ताक्षर Signature :

आवेदक का पूरा नाम Full name of the applicant :

स्थान Place :

तिथि Date :